एक अंतर्राष्ट्रीय स्तर का शोध पत्र लेखन के लिए पूर्व में शोध रणनीति का चयन एवं अनुसंधान डिजाइन बना कर उसके अनुरूप अपना कार्य सम्पादन करना चाहिए। जिससे एक अच्छे गुणवत्तापूर्ण वैज्ञानिक शोध पत्र का निर्माण हो सके। यह तभी संभव है, जब एक शोधकर्ता अपने आप को इस विषय के इर्द–गिर्द अपने आप को ढ़ालकर आत्मबल, आत्मचिंतन एवं स्वयं के विचारों अनुभवों लोगों से प्राप्त ज्ञान के आधार पर अपना लेख लिखे तो वह उसका शोध पत्र अवश्य ही एक अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जरुर

पहुँचेगा। वैश्वीकरण के वर्तमान दौर में उच्च शिक्षा की सहज उपलब्धता और उच्च शिक्षण संस्थाओं को इसकी महत्वता को बढ़ावा मिले और शोध का क्षेत्र ओर विस्तृत हो सके एवं समाज के सामने नई–नई जानकारी प्राप्त हो और एक सुव्यवस्थित विकसित समाज का विकास हो।

## सन्दर्भ ग्रंथ सूची

*भूगोल और आप, आइरिस पब्लिकेशन प्रा. लि. नई दिल्ली.*

*शर्मा वीरेन्द्र प्रकाश, रिसर्च मेथडॉलॉजी, पंचशील प्रकाशन, जयपुर, 2007.*

*यादव हीरालाल, शोध–प्रनिधि एवं मात्रात्मक भूगोल, राधा पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली, 1994.*

*शर्मा आर. ए., रिसर्च इन एजुकेशन.*

*गुप्ता के. शशि, अनुसंधान व्यवस्था विज्ञान.*

*कोठारी सी. आर., रिसर्च मैथनोलॉजीः मैथडस एण्ड टेकनीक.*

*Fariya B.L. (1995) International Relation.*

*Sharma R.A. (1985) Fundamental of Eduction Research.*

*Ackoff R.L.: The Design of Social Research.*

*Hearring P.: Research for Publication Policy.*

*www.shodhganga.in.*

# विशिष्ट विषयों के अध्ययन के प्रकटीकरण का माध्यम है – गुणात्मक अनुसंधान

**मंजुला जैन**
लाइब्रेरियन
नालंदा परिसर
रायपुर, छत्तीसगढ़

## सारांश

घटनाओं, अतिश्योक्तियों, अचरजों से प्रतिपल घटित होते इस संसार में अबूझ और गूढ़ प्रश्नों का हल प्राप्त करने का एकमात्र माध्यम गुणात्मक अनुसंधान है जो हमारे समस्त विचारों का एकीकृत कर, सरलीकृत कर, रहस्यों का उदघाटन करती है। सामाजिक विज्ञान के विषयों के साथ मानवीय व्यवहारों को समझने और विशिष्ट तरीके से प्रकटीकरण का साधन गुणात्मक अनुसंधान है जिसमें लक्ष्य, अवधारणा की पूर्ति के लिए छोटे प्रतिरूपों का चयन किया जाता है। सांख्यिकीय, तार्किक और गणितीय तकनीक को नियोजित करके खोजपूर्ण अनुसंधान की प्राप्ति की जाती है।

## प्रस्तावना

वर्ष 1970 के दशक तक गुणात्मक अनुसंधान का प्रयोग समाज शास्त्र के विषय अथवा मानव विज्ञान का उल्लेख करने के लिए किया जाता था। इसके बाद के दशक में शैक्षिक अध्ययन, सामाजिक कार्य अध्ययन, महिला अध्ययन, विकलांगता अध्ययन, सूचना अध्ययन, प्रबंधन

209

अध्ययन, नर्सिंग सेवा अध्ययन, राजनैतिक विज्ञान, मनोविज्ञान, संचार अध्ययन सहित कई तरह के क्षेत्रों में अनुसंधान का एक महत्वपूर्ण प्रकार बनकर उभरा है। इसके बाद 90 के दशक में मात्रात्मक पक्ष की ओर से आलोचनाओं की वृद्धि होने से डेटा विश्लेषण की विश्वसनीयता और अनिश्चित विधियों के संबंध में परिकल्पित समस्याओं से निपटने के लिए गुणात्मक अनुसंधान की नई पद्धतियां विकसित हुईं।

सामान्य अर्थों में – गुणात्मक शोध से आशय गैर संख्यात्मक डेटा एकत्रीकरण, डेटा का संकलन, संग्रहण, ग्राफ, डेटा स्रोत का अवलोकन, मूल्यांकन आधारित निष्कर्ष। वस्तुतः गुणात्मक अनुसंधान सत्यता प्रमाणित करने का एक तरीका है जो मानव और उससे संबंधित सन्निहित समस्त विषयों की समझ को विकसित करता है और उस पथ का निर्माण करता है जिसके तहत उक्त निष्कर्षों का प्राप्त किया जा सकता है।

मानवीय जीवन, मानवीय व्यवहारों को शासित करने वाले कारकों को गहराई से तथ्यात्मकता के साथ समझना किसी भी गुणात्मक शोध एवं गुणात्मक शोधकर्ता का मूलभूत उद्देश्य होता है। इस हेतु सामान्य कारक क्या, कहां और कब की परख की जाती है वरन् उसके पीछे निहित क्यों और कैसे विशिष्ट कारकों की भी जांच की जाती है। इसके लिए बड़े प्रादर्शों के बजाय छोटे एवं संकेंद्रित प्रादर्शों की आवश्यकता होती है। यही कारण है कि गुणात्मक शोध विधियां केवल विशिष्ट अध्ययन किए जा रहे विषयों पर जानकारी उद्घाटित करती है, इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार का सामान्य निष्कर्ष परिकल्पनाओं के सदृश हैं। इन परिकल्पनाओं के सत्यापन के लिए मात्रात्मक पद्धतियों का प्रयोग किया जा सकता है।

गुणात्मक अनुसंधान और परिमाणात्मक अनुसंधान में विभेद

## गुणात्मक अनुसंधान

गुणात्मक अनुसंधान वह है जो सामाजिक विज्ञान के संपूर्ण समस्या विषय के पक्ष को विशिष्ट अंतर्दृष्टि और समझ प्रदान कर उसके वास्तविक स्वरूप को प्रकट करता है। यह एक असंगठित, असंरचित विशिष्ट मार्गी खोजपूर्ण शोध पद्धति है जो अत्यधिक जटिल घटनाओं का अध्ययन करती है। ऐसी घटनायें व विषय जिसे परिमाणात्मक अनुसंधान से स्पष्ट करना असंभव है उसके लिए परिकल्पना की उत्पत्ति करती है।

## परिमाणात्मक अनुसंधान

परिमाणात्मक अनुसंधान एक प्रकार का शोध है जो प्राकृतिक विज्ञान के तरीकों पर आश्रित रहता है एवं संख्यात्मक, परिमाणात्मक आंकड़ों एवं जटिल तथ्यों का उत्पादन करता है। इस अनुसंधान का उद्देश्य गणितीय, संगणकीय और सांख्यिकीय विधियों का उपयोग करके दो आश्रित कारकों या चरों के बीच कारण और प्रभाव संबंध स्थापित कर निष्कर्ष की प्राप्ति करना है। इस प्रकार के शोध को अनुभवजन्य अनुसंधान के रूप में भी जाना जाता है क्योंकि इसे सटीकता के साथ मापा जा सकता है।

निम्नलिखित आधारों पर इसके विभेद का अध्ययन किया जा सकता है–

1. गुणात्मक शोध, मात्रात्मकता व परिमाण के स्थान पर व्यक्तिगत अनुभवों, विचारों और विविध पक्षों के विश्लेषण पर जोर देता है, इसमें शोध के निष्कर्ष में भाव एवं पक्ष को स्थान प्रदान किया जाता है। यह विधि कारण के विश्लेषण और सत्यापन से संबंधित होती है। वहीं परिमाणात्मक शोध आंकड़ों पर आधारित होता है, एवं इसके परिणाम भी आंकड़ों के अध्ययन पश्चात् ही निर्धारित किए जाते हैं। आंकड़ों के आधार पर नवीन आंकड़ों की प्राप्ति व उद्घाटन ही परिमाणात्मक

211

शोध का उद्देश्य होता है। परिमाणात्मक शोध किसी भी प्रकार के पक्ष या भाव रहित होता है।

2. गुणात्मक शोध का लक्ष्य ग्रुप, गहन साक्षात्कार, इंटरव्यू साहित्य समीक्षा पर आधारित होता है। वहीं परिमाणात्मक शोध मात्रात्मक, सांख्यिकीय सूचनाओं पर आधारित होता है। यह सर्वेक्षण, निर्धारित साक्षात्कार, अवलोकन, रिकॉर्ड्स और रिपोर्ट्स के रिव्यू पर आधारित होता है।

3. मौखिक आंकड़ों का संचयन गुणात्मक शोध में किया जाता है जबकि परिमाणात्मक अनुसंधान में औसत आंकड़ों का संग्रहण किया जाता है।

4. गुणात्मक शोध में मुख्यतः विवेचनात्मक प्रक्रिया का प्रयोग किया जाता है वहीं परिमाणात्मक शोध में निगमनात्मक शोध प्रक्रिया का प्रयोग किया जाता है।

5. गुणात्मक शोध अधिकांशतः सब्जेक्टिव अथवा विषयनिष्ठ होता है वहीं परिमाणात्मक शोध ज्यादातर आब्जेक्टिव अथवा वस्तुनिष्ठ होता है, जिसके तहत् किसी भी स्थिति या समस्या के स्पष्ट दिखने वाले प्रभाव या परिणाम का वर्णन होता है।

6. गुणात्मक शोध डिस्क्रिप्टिव अथवा वर्णनात्मक होता है जिसे व्याख्यापूर्ण वर्णन किया गया होता है, परिमाणात्मक शोध संख्यात्मक अथवा संख्या आधारित होता है।

7. गुणात्मक शोध में किसी भी प्रकार के सांख्यिकीय परीक्षण की संभावना नहीं होती हैं, वहीं परिमाणात्मक शोध में सांख्यिकीय परीक्षण और सांख्यिकीय विश्लेषण की संभावना होती है।

8. गुणात्मक शोध के अंतर्गत विषयों पर विस्तृत जानकारी एवं विशद ज्ञान की प्राप्ति होती हैं, जबकि परिमाणात्मक अनुसंधान के अंतर्गत गहन या कम गहन किंतु अधिकाधिक विषयों से संबंधित अधिक विस्तृत जानकारी प्राप्त होती है।

9. गुणात्मक शोध के अंतर्गत अनस्ट्रक्चर्ड और सेमी स्ट्रक्चर्ड रिस्पॉंस के कारण उत्तरों के विविध विकल्प होते हैं वहीं परिमाणात्मक शोध के परिणामस्वरूप निश्चित प्रतिउत्तर का विकल्प होता है।

10. गुणात्मक शोध के अंतर्गत शोध के परिणाम की वैद्यता और विश्वसनीयता शोधकर्ता के प्रयास और परिश्रम के फलस्वरूप विशिष्ट स्वरूप में परिलक्षित होती है, जबकि परिमाणात्मक शोध के अंतर्गत प्रयुक्त तकनीक, यंत्रों व मापकों पर परिणाम की वैद्यता और विश्वसनीयता निर्धारित होती है।

11. गुणात्मक शोध में परियोजना के स्तर पर कम समय की आवश्यकता होती है, किंतु विश्लेषण में अधिक समय की आवश्यकता होती है, जबकि परिमाणात्मक अनुसंधान में परियोजना के स्तर पर अधिक समय की आवश्यकता होती है परंतु विश्लेषण में कम समय की आवश्यकता होती है।

12. गुणात्मक शोध में सामान्यीकरण की संभावना कम होती है, वहीं परिमाणात्मक अनुसंधान में सामान्यीकरण की संभावना अधिक होती है।

गुणात्मक अनुसंधान का उपयोग अक्सर नीति और कार्यक्रम मूल्यांकन अनुसंधान के लिए किया जाता है, क्योंकि वह परिमाणात्मक अनुसंधान की तुलना में कतिपय महत्वपूर्ण प्रश्नों का अधिक कुशलतापूर्वक और प्रभावी ढंग से उत्तर दे सकती है।

## गुणात्मक अनुसंधान क्या है–

अनुसंधान की विधियों को मुख्यतः दो भागों में विभक्त किया जात सकता है– तार्किक प्रत्यक्षवाद (Logical Positivism) और गोचर खोज (Phenomenological)। शैक्षिक शोधों में तार्किक प्रत्यक्षवाद का अधिकांशतः प्रयोग होता आया है। किंतु शैक्षिक परिस्थितियों से संबंधित समस्याओं, समाधान प्रक्रियाओं एवं व्यवस्थाओं से संबंधित विषयों को स्पष्ट व उजागर करने के लिये गोचर खोज पद्धति पर अधिक ध्यान दिया जाने लगा है। गुणात्मक शोध एवं परिमाणात्मक शोध एक दूसरे के पूरक हैं।

213

जॉन डब्ल्यू बेस्ट तथा जेम्स वी कान के अनुसार – क्या है?, का वर्णन करने के लिए अमात्रात्मक विधियों का प्रयोग किया जाता है। विवरणात्मक शोध प्रत्यक्ष चरों के मध्य के अमात्रात्मक संबंधों को जानने के लिये व्यवस्थित प्रक्रियाओं का प्रयोग, गुणात्मक अनुसंधान कहलाता है।

इसके अंतर्गत व्यवहार में कई पदों का प्रयोग किया जाता है जैसे – नृ–शास्त्र शोध (Enthnographic Research), व्यष्टि अध्ययन शोध (Case Study research), घटना–क्रिया विज्ञानपरक शोध (Phenomenological Research), संरचनावाद (Constructivism), सहभागी प्रेक्षण (Participant Observation) आदि। इस प्रकार के शोध में व्यक्तियों अथवा संस्थाओं की अभिवृत्तियां, व्यवहार, कार्यपद्धति, गुण–दोष के कारकों तथा अभिप्रेरणाओं के प्रति समझ पैदा करने के लिये व्यैक्तिक लेखों, सम्मेलन कार्यवाहियों, असंरचित साक्षात्कारों, प्रश्नावलियों, तथा सहभागी प्रेक्षण विधियों का प्रयोग किया जाता है। इस प्रकार के अनुसंधान में संकलित प्रदत्तों का उपयोग निर्धारित की गई परिकल्पनाओं की जांच के स्थान पर परिकल्पनाओं के निर्माण में किया जाता है।

इस प्रकार माना जा सकता है कि व्यवस्थित प्रक्रियाओं के तहत गहनतापूर्वक किया गया है अनुसंधान, गुणात्मक अनुसंधान है जिसमें गुणात्मक प्रदत्त संकलन की विधियों का प्रयोग कर, परिकल्पनात्मक निष्कर्षों को मात्रात्मक अथवा गुणात्मक रूप में प्राप्त किया जा सकता है।

## गुणात्मक अनुसंधान की विशेषताएं –

गुणात्मक अनुसंधान की निम्नलिखित विशेषताएं होती हैं –

1. इसमें आगमनात्मक (Inductive) उपागम का प्रयोग होता है।
2. इसमें शोधकर्ता की भूमिका महत्वपूर्ण होती है।
3. इस शोध अध्ययन का केंद्र बिंदु विशिष्ट परिस्थिति, संस्थायें, समुदाय या मानव निर्मित समूह होता है।

4. यह समस्या अथवा घटना विशेष में निहित कारकों, व्याख्याओं, निहित अर्थों पर अधिक बल देता है।

5. व्यक्तिक अनुभवों और विचारों को संरचित उपकरणों के स्थान पर इसमें अधिक बल दिया जाता है।

6. यह कम घटनाओं, कम समूह या कम सदस्य संख्या पर आधारित होता है।

7. इसमें संगठनात्मक प्रक्रियाओं, घटनाओं, लक्ष्यों और प्राप्ति पर बल दिया जाता है।

8. गुणात्मक अनुसंधान विशिष्ट संदर्भ के साथ केंद्रित रहता है, इसका सामान्यीकरण नहीं होता है।

9. यह किसी निर्धारित प्रारूप अथवा प्रक्रिया के आधार पर नहीं अपितु परिस्थितिजन्य कारकों पर आधारित होता है।

## गुणात्मक अनुसंधान के उद्देश्य

1. किसी प्रत्याशित घटना की पहचान करना।

2. कारण और निहितार्थों की पहचान कर उसकी व्याख्या करना।

3. घटना विशेष अथवा व्यवहार विशेष के कारकों की जांच के लिए गहन अध्ययन करना।

4. विस्तृत अर्थों वाले विषयों के लिये गहन समझ विकसित करना।

5. परिदृश्यों और व्यवहारों का आकलन करना जिसमें घटना विशेष घटित हुई हो।

6. किसी घटना अथवा व्यवहार के जिम्मेदार विविध कारकों के मध्य अंतर्संबंधों को ज्ञात करना।


## गुणात्मक अनुसंधान के प्रसंग (Themes)

गुणात्मक अनुसंधान के उद्देश्यों को फ्रॉयड द्वारा विकसित मनोविश्लेषण के सिद्धांत तथा पियाजे द्वारा विकसित संज्ञात्मक विकास

215

सिद्धांत द्वारा समझा जा सकता है जिसमें उन्होंने गुणात्मक अनुसंधान का प्रयोग किया था। गुणात्मक अनुसंधान की विशेषताओं तथा उद्देश्यों के आधार पर गुणात्मक अनुसंधान के प्रसंगों को निर्धारित किया जा सकता है। गुणात्मक अनुसंधान के प्रसंग को पैटन ने दस प्रसंगों के रूप में प्रदर्शित किया है। पैटन द्वारा बताये गए प्रसंग निम्नानुसार हैं –

1. नैसर्गिक अध्ययन (Naturalistic Inquiry) अर्थात पूर्व निर्धारित नियमों के आधार पर प्राप्त निष्कर्षों के बिना, बिना किसी नियंत्रण या अवरोध अथवा किसी भी प्रकार के हस्तक्षेप के बिना, वास्तविक सांसारिक परिस्थितियों में अनसुलझी प्रकृतिजन्य परिस्थितियों में अध्ययन।

2. आगमनात्मक विश्लेषण (Inductive Analysis) अर्थात् सैद्धांतिक आधार पर परिकल्पनाओं के निर्माण एवं जांच के स्थान पर खोज के लिए विस्तृत तथा विशिष्ट प्रदत्तों के महत्वपूर्ण वर्गों, विभागों तथा अंतर्संबंधों को समझना।

3. समग्र परिपेक्ष्य (Holistic Perspective) अर्थात् किसी घटना के अंशों या विवृत चरों के रेखीय या कार्यकारण संबंधों के स्थान पर अध्ययन विषय की संपूर्ण घटना (Whole Phenomenon) का जटिल रूप में अध्ययन।

4. गुणात्मक प्रदत्त (Qualitative Data) अर्थात् मानव के व्यैक्तिक लेखों, अनुभवों, प्रत्यक्ष लिखित विचारों, व्याख्याओं आदि का विस्तृत एवं गहन अध्ययन।

5. व्यक्तिगत संपर्क एवं अंतर्दृष्टि (Personal contact and Insight) अर्थात् संबंधित व्यक्तियों अथवा घटनाओं क प्रत्यक्ष संपर्क में रहकर व्यैक्तिक अनुभव एवं अंतर्दृष्टि के आधार पर व्यक्तियों के व्यवहारों या घटना के प्रति समझ विकसित करना।

216

6. अभिकल्पगत लचीलापन (Design Flexibility) अर्थात शोध अभिकल्प का चयन करने में लचीलापन प्रदान करता है। वह परिस्थितियों के अनुसार अभिकल्पों का निर्माण एवं उनमें परिवर्तन कर सकता है।

7. तदनुभूति तटस्थता (Empathic Neutrality) अर्थात् विषय वस्तु की आवश्यकतानुरूप अपने व्यक्तिगत अनुभव एवं अंतर्दृष्टि का प्रयोग अध्ययन में करना किंतु पूर्वाग्रहों से पृथक होकर अध्ययन करना।

8. संदर्भगत सूक्ष्मग्राहिता (Context Sensivity) अर्थात् स्थान एवं समय की दृष्टि से घटना या परिस्थितियों के सामाजिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक पृष्ठिभूमि के प्रति संवेदनशीलता से अध्ययन करना।

9. विशिष्ट व्यष्टि अभिमुखीकरण (Unique case Orientation) अर्थात् प्रत्येक व्यष्टि अथवा घटना को विशिष्ट व अद्वितीय मानकर उसका अध्ययन करना।

10. गतिशील व्यवस्थायें (Dynamic System) अर्थात् विशिष्ट घटना से संलग्न संपूर्ण केंद्रित रहकर, परिवर्तनों को स्थिर मानकर सावधानीपूर्वक शोध कार्य करना।

## गुणात्मक अनुसंधान का महत्व

गुणात्मक अनुसंधान का शोध में महत्वपूर्ण स्थान है। सामाजिक क्षेत्र में इस प्रकार के अनुसंधान की महत्ता प्रारंभ से ही रही है किंतु शैक्षिक अनुसंधान में भी इस विधा पर कार्य किया जाना प्रारंभ हो गया है। गुणात्मक अनुसंधान की महत्व अपनी विशिष्टताओं के कारण अधिक प्रभावी है। गुणात्मक अनुसंधान के मूलतः दो व्यवहारिक प्रयोग हैं –

1. ग्रहण करने अथवा समझने योग्य सिद्धांतों की स्थापना करने में। मूल्यांकित किये जा रहे किसी उत्पाद या किसी कार्यक्रम की उपयोगिता को सामान्य रूप से आकलन करने के स्थान पर वर्तमान के अभ्यास या प्रयासों को सुधारने की ओर अग्रसर संरचनात्मक मूल्यांकन के संचालन में।

2. शोधार्थियों के साथ सहयोगात्मक शोधों (Collaborative Research) में संलग्नता।

इन व्यवहारिक उपयोग से गुणात्मक अनुसंधान की महत्ता और भी बढ़ जाती है। अतएव गुणात्मक अनुसंधान के महत्व को निम्नानुसार समझा जा सकता है –

1. सामाजिक एवं शैक्षिक क्षेत्र के लिए सिद्धांतों के निरूपण की दृष्टि से।

2. शोधार्थियों में शोध के प्रति गहनता बढ़ाने की दृष्टि से।

3. संख्यिकीय जटिलता के स्थान पर शोधार्थियों के अनुभव एवं अंतर्दृष्टि के विकास की दृष्टि से।

4. किसी घटना के वास्तविक चित्रण की दृष्टि से।

5. अभिवृत्ति, पसंद या व्यवहारों को विस्तृत एवं स्पष्ट रूप से प्रदान करने की दृष्टि से।

6. भावी शोध को दृष्टि प्रदान करने के रूप में।

7. शोधार्थियों में आत्मविश्वास एवं उसकी विश्वसनीयता बढ़ाने में।

8. परिकल्पनाओं के निर्माण की दृष्टि से।

9. शोध में यांत्रिकता को न्यून करने की दृष्टि से।

10. विभिन्न समस्याओं के समाधान एवं कार्यक्रमों को सफल बनाने की दृष्टि से।

11. किसी कार्यक्रम के संरचनात्मक मूल्यांकन की दृष्टि से।

12. परस्पर संबंद्ध शोधों में संलग्नता की दृष्टि से।

## गुणात्मक अनुसंधान के प्रकार

गुणात्मक अनुसंधान के प्रकार निम्नानुसार हैं –

## घटना–क्रिया विज्ञानपरक अध्ययन

यह प्रकार एडमंड हूसर्ल (Edmund Husserl) द्वारा प्रतिपादित किया गया है। कालांतर में इसके विकास में मार्टिन हेडेगर ने भी अपना योगदान दिया। यह एक दार्शनिक परंपरा है। घटना–क्रिया विज्ञान, मानवीय अनुभवों के शोध को मुख्य आधार मानता है। इस विधि में शोधार्थी

218

अपने जीवन संसार के अनुभवों को परिलक्षित करता है। इसमें प्रतिभागियों को किसी घटना के बारे में प्रत्यक्ष अनुभव को उद्घाटित करने का अवसर प्रदान किया जाता है। इनसे प्राप्त जानकारियों एवं आंकड़ों का विश्लेषण उनकी प्रत्यक्षीकरण की समानता एवं भिन्नता के आधार पर शोधार्थी करता है।

## ह्यूरिस्टिक अध्ययन

ह्यूरिस्टिक शब्द ग्रीक भाषा के ह्यूरिस्को शब्द से बना है जिसका अर्थ 'to discover', खोजता हूं। यह गहनता पूर्वक खोज की प्रक्रिया को इंगित करता है जो विविध अनुभवों के अर्थ एवं प्रकृति को जानने तथा भावी अन्वेषण एवं विश्लेषण की विधियों तथा प्रक्रियाओं के विकास से संबंधित होता है। ह्यूरिस्टिक अध्ययन एक प्रक्रिया है जो किसी एक समस्या या एक ऐसे प्रश्न से प्रारंभ होती है जिसका समाधान या हल शोधार्थी प्राप्त करना चाहता है।

## शास्त्रीय अध्ययन

नृ–शास्त्रीय शोध अध्ययन का जन्म मानव शास्त्र विषय से हुआ है। इसका प्रमुख उद्देश्य सामाजिक समूहों का अध्ययन और सांस्कृतिक विशेषताओं का विवरण देना है। इस विधि में अध्ययन समूह के सदस्य के रूप में सम्मिलित होकर शोधार्थी समूह से घनिष्ठता स्थापित करता है एवं उनके साथ रहकर समूह के साक्ष्यों की क्रियाओं, वार्तालापों, सांस्कृतिक विशेषताओं तथा घटनाओं पर सूक्ष्म दृष्टि रखकर एक विस्तृत विवरण तैयार करता है। इस शोध में शोधार्थी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है तथा वस्तुनिष्ठता को बनाए रखना सबसे बड़ी चुनौती होती है।

## व्यष्टि अध्ययन

इसमें किसी घटना से संबंधित कुछ इकाईयों या व्यष्टियों को चुनकर उनका गहन अध्ययन किया जाता है। एक व्यष्टि या इकाई एक व्यक्ति, एक संस्था, एक सामाजिक समूह, एक समुदाय अथवा एक ग्राम हो

सकता है। इस विधि में पक्षपात रहित होकर कार्य करना आवश्यक होता है।

## दार्शनिक अध्ययन

शैक्षिक शोधों में दार्शनिक अध्ययनों की महत्वपूर्ण भूमिका हैं इस प्रकार के अध्ययन मानव जीवन तथा संसार की आधारभूत मान्यताओं के निर्धारण में महत्वपूर्ण होती है। दर्शन शैक्षिक नीतियों तथा प्रक्रियाओं के निर्धारण को प्रभावित करता है।

## संदर्भ ग्रंथ सूची

एडलर, पी.ए. और एडलर, पी. (1987). मेंबरशिप रोल्स इन फील्ड रिसर्च. न्यूबरी पार्क, सीएःसेज.

बेकर,हावर्ड एस, द एपिस्टेमेलॉजी ऑफ क्वालिटेटिव रिसर्च. यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो प्रेस, 1996.53—71.

बोअस, फ्रांज (1943). हाल का नृविज्ञान, साइंस, 98,311—314,334—337.

# अंतर्राष्ट्रीय स्तर का गुणात्मक शोधपत्र लेखन

### मंजुला
असिस्टेंट प्रोफेसर
एम. एड. विभाग
इस्लामिया टी. टी. (बी. एड.) कॉलेज
फुलवारीशरीफ, पटना, बिहार, भारत

**सारांश**

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गुणात्मक शोधपत्र लेखन का प्रयोजन विश्वदृष्टि (World View) को नया दृष्टिकोण प्रदान करना है। जैसा कि समाजषास्त्र विश्वकोष में लिखा है कि ''विश्व के प्रति सोचने–समझने के हमारे विषिष्ट दृष्टिकोण या नजरिये को विश्वदृष्टि कहा जाता है। यह वास्तविकता का एक मानसिक अवबोधन है। एक व्यक्ति विश्व एवं मानव के उद्भव और अस्तित्व के संबंध में क्या धारणायें रखता है, उसकी दृष्टि में विश्व और जीवन का क्या उद्देश्य है; इन सभी विषयों के प्रति सोच द्वारा उसकी विश्वदृष्टि का निर्माण होता है।'' जर्मन भाषा में 'विश्वदृष्टि' को 'वल्टेचुआंग' (Waltanschaung) कहा जाता है।

जहाँ तक गुणात्मक शोध पत्र लेखन का प्रश्न है यह शोधकार्य करने के पूर्व और पश्चात् दोनों स्थितियों में लिखा जाता है। शोधकार्य के पूर्व शोध पत्र लेखन को अनुसंधान अभिकल्प (Research wesign) या शोधकार्य की संक्षिप्त रूपरेखा (Synopsis) कहा जाता है। इसमें अनुसंधान

या शोध के उद्देश्यों की प्राप्ति के पूर्व ही उद्देश्यों का निर्धारण करके अध्ययन विषय के विभिन्न पक्षों को उद्घाटित करने के लिए पहले ही एक योजना बनायी जाती है। यह एक ऐसी योजना है, जो समस्या के प्रतिपादन से लेकर अनुसंधान प्रतिवेदन (Research Report) के अंतिम चरण तक विश्लेषण करती है। इसके साथ ही यह भी ध्यान रखा जाता है कि समस्त उपलब्ध विकल्पों पर ध्यान देकर इस प्रकार से निर्णय लिया जाये कि न्यूनतम प्रयासों (Efforts), समय (Time) वं लागत (Money) के व्यय से अधिकतम अनुसंधान उद्देश्यों को प्राप्त किया जा सके। एफ0 एन0 कलिंजर ने भी 'फाउंडेशन ऑफ बिहेवरियल रिसर्च' में लिखा है कि 'अनुसंधान अभिकल्प अन्वेषण की योजना, संरचना (Structure) एवं एक रणनीति (Strategy) है, जिसकी रचना इस प्रकार की जाती है कि अनुसंधान प्रश्नों के उत्तर प्राप्त हो सके तथा विविधताओं (Variance) को नियंत्रित किया जा सके।''

शोधकार्य के पश्चात् लिखे गए पत्र लेखन को सारांश या उद्देशिका (Abstract) कहा जाता है। यह शोध प्रतिवेदन (Research Report) किसी शोध कार्य का अंतिम सोपान होता है। इसे शोधकार्य का परिणाम कहा जा सकता है। इसके अंतर्गत शोध द्वारा प्राप्त अथवा प्रमाणित तथ्यों का क्रमबद्ध प्रारूप प्रस्तुत किया जाता है। असत्य, संदिग्ध तथा अनुमान द्वारा ज्ञात तथ्यों का समावेश सारांश में नहीं किया जाता।

जहाँ तक 'शोधकार्य (Research Work) के सामान्य अर्थ का प्रश्न है, तो यह दो शब्दों 'रि' और 'सर्च' के संयोग से बना है। 'रि' अर्थात् बार–बार और सर्च अर्थात् 'खोजना'। इसका सम्मिलित अर्थ होता है खोज की पुनरावृत्ति। अतः 'शोध' शब्द से एक प्रकार की शुद्धि या संशोधन का बोध होता है। शोध के समानार्थी दो अन्य शब्दों का भी प्रयोग होता है– अनुसंधान और गवेषण। वास्तव में अनुसंधान एक प्रक्रिया है जिसमें 'शोध'

222

तथा गवेषण उपक्रियायें भी सम्मिलित हैं। 'अनुसंधान' शब्द में प्रकृति के अनुसार पूछ–ताछ, जाँच, गहन निरीक्षण, व्यापक परीक्षण, योजनाबद्ध अध्ययन, सोद्देश्य एवं सामान्यीकरण आदि प्रक्रियाएं महत्त्व रखती है। अन्वेषण की क्रिया इस बात का गवाह है कि कोई समस्या अति निकट से देखने–परखने की मांग करती है। अनुसंधान द्वारा उन मौलिक प्रश्नों के उत्तर देने का प्रयास किया जाता है, जिनका उत्तर अभी तक उपलब्ध नहीं था। प्राचीन काल में गवेषणा (Invention) जंगल में खो जानेवाली गायों को वापस लाने की व्यापक खोज को कहा जाता था। वर्त्तमान संदर्भ में 'गवेषणा' शब्द का प्रयोग किसी वस्तु, पदार्थ तथा नवीन तथ्य की खोज के लिए कर सकते हैं। 'कार्य' (Work) शब्द को समाजशास्त्र कोष में बताया गया कि ''अपने लिए या दूसरों के उपभोग या विनिमय के लिए वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन हेतु शारीरिक, मानसिक और संवेगात्मक प्रयासों की आपूर्ति को कार्य कहा जाता है।'' यदि वर्त्तमान परिप्रेक्ष्य में शैक्षिक–सामाजिक कार्यों को देखें, तो हम कह सकते हैं कि "Anything that be do and requires energy in called work." इससे स्पष्ट होता है कि शोध के क्षेत्र में कार्य करके उन मौलिक प्रश्नों का उत्तर ढुँढ़ने का प्रयास किया जाता है, जिनका उत्तर अभी तक उपलब्ध नहीं हो सका है। इस दौरान हर प्रश्न का उत्तर मनुष्य के 'प्रयासों' पर निर्भर करता है। अतः शोधकार्य प्रयोगमूलक ज्ञान के साधन माने जाते हैं। ज्ञान का यह साधन जॉनी ड्यूबी के Trying and under going की प्रक्रिया का उदाहरण कहा जा सकता है।

शीर्षक शोधकार्य के उद्देश्यों पर आधारित होता है। यह समस्या के चयन का अप्रत्यक्ष आधार और प्रत्यक्ष संकेत प्रतिध्वनित करता है। शीर्षक के चयन में मानव समाज की आवश्यकता एवं अपेक्षा की आपूर्ति

अथवा संतुष्टि काम करती है। यदि सूत्रबद्ध कहना पड़े तो हम कह सकते हैं कि –

आवश्यकता – साधन = समस्या

Need – Resources = Problem

इसका अर्थ यह हुआ कि आवश्यकता की संतुष्टि के साधन के मार्ग में उपस्थित बाधा ही समस्या है। जैसे ही समस्या समाधान के साधन खोज लिए जाते हैं, आवश्यकता की संतुष्टि हो जाती है और समस्या का अंत हो जाता है।

प्रस्तावना समस्या की गंभीरता, आवश्यकता की गहनता और साधनों की उपलब्धि पर निर्भर होती है। इस प्रकार आवश्यकता जितनी प्रबल होगी, अवरोध जितना तीव्र होगा, समस्या उतनी ही गंभीर होगी। प्रस्तावना में समस्या के आवश्यक पक्ष कारण और कार्य के बीच सह संबंध बनाते हुए क्रमबद्ध रूप से विवेचित किये जाते हैं।

ध्यान देने योग्य बात यह है कि शोध–कार्य में व्यक्तिगत समस्या को कम महत्त्व दिया जाता है। जॉन सी0 राउनसेण्ड के अनुसार; ''समस्या तो समाधान के लिए प्रस्तावित प्रश्न है।'' (A problem is a question proposed for solution)

अतः विश्वस्तीय गुणात्मक शोधपत्र आलेखन में शीर्षक, प्रस्तावना एवं सारांश मानवीय ज्ञान–विज्ञान एवं संज्ञान के लिए त्रिध्रुवीय केन्द्रक सिद्ध हो सकते हैं। समसामयिक सार्वभौमिक समस्या समुचित शीर्षक, तार्किक प्रस्तावना एवं तथ्यात्मक संदर्भों का सारांश सृजित करती है। प्रस्तुत तीनों चरणों में साहित्यिक चोरी से बचना अनिवार्य है।

# शोध विधियां एवं शोध प्रारूप

प्रिया तिवारी

प्रवक्ता

समाजशास्त्र विभाग

हे0नं0ब0राज0स्ना0महाविद्यालय

नैनी, इलाहाबाद, उ.प्र., भारत

**सारांश**

वर्तमान समय में शोधपत्र लेखन बड़ी तीव्र गति से हो रहा है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जब से एकेडमिक परफार्मेन्स इन्डीकेटर लाया गया है तब से शोधपत्र लेखन की बाढ़ सी आ गयी है। इन शोधपत्रों का कई स्तर होता है। कुछ तो मौलिक, उच्च कोटि के एवं सारगर्भित होते हैं वहीं कुछ शोधार्थी एवं शिक्षक इस ए.पी.आई. को बढ़ाने के लिये एवं अपने लेखों की संख्या बढ़ाने के उद्देश्य से अन्य दूसरे लेखकों की किताबों से एवं इंटरनेट से लेखन सामग्री लेकर अपने लेख प्रकाशित करवाते हैं। इस प्रकार के लेखों में न ही गुणवत्ता रहती है और न ही मौलिकता। हमको यदि अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का गुणवत्ता युक्त शोधपत्र लिखना है तो हमें सबसे पहले विषय का व्यापक अध्ययन करना होगा। विभिन्न काल, स्थान, परिस्थिति कें संदर्भ में उस विषय का प्रभाव देखना होगा। विषय का चुनाव पक्षपात रहित होकर करना चाहिए। विषय के अनुरूप शोध प्रारूप का निर्माण, उपयुक्त शोध पद्धति एवं तथ्य संकलन की तकनीक का चुनाव कर लेना चाहिए। प्राप्त तथ्यों का सांख्यिकीय विश्लेषण द्वारा निष्कर्ष प्राप्त कर उपकल्पना की सत्यता की जांच कर लेना चाहिए।

इस प्रारूप द्वारा जो शोधपत्र प्रस्तुत होगा वास्तव में वह मानकों पर खरा शोधपत्र होगा।

## प्रस्तावना

सामाजिक मूल्य, परम्पराएं, जनरीति, विश्वास आदि अमूर्त तथ्यों के लिये गुणात्मक पद्धतियों का प्रयोग करते हैं। इन गुणात्मक पद्धतियों में हम आगमन एवं निगमन पद्धति, वैधानिक जीवन अध्ययन पद्धति, सभा समिति तथा सामुदायिक अध्ययन पद्धति को शामिल कर सकते हैं।

वहीं दूसरी ओर कुछ घटनाएं जिनका निश्चित परिणाम हमको प्राप्त करना रहता है उन घटनाओं के अध्ययन हमको प्राप्त करना रहता है उन घटनाओं के अध्ययन के लिये सामाजिक सर्वेक्षण पद्धति, सांख्यिकी पद्धति, तुलनात्मक पद्धति को प्रयोग में लाते हैं।

इसी क्रम में आंकड़े एकत्रित करने के लिये जो तकनीक होती है उसका चुनाव भी सावधानी पूर्वक करना होता है। यदि विषय ऐसा है जिसका गहन एवं सूक्ष्म अध्ययन करना है तो हम अनुसूची का प्रयोग करते हैं। यदि विषय का क्षेत्र काफी विस्तृत है, उत्तरदाता शिक्षित है और हमें कम समय में अध्ययन करना है तो हम प्रश्नावली का प्रयोग करते हैं। जाति अध्ययन में, जेल में, अस्पताल आदि स्थानों पर अवलोकन प्रणाली प्रयोग की जाती है। जिस विषय के बारे में थोड़ा भी पता नहीं है ऐसी स्थिति में जानकारी एकत्र करने के लिए साक्षात्कार प्रणाली अपनायी जाती है।

जनमत जानने के लिये अन्तर्वस्तु विश्लेषण तथा ऐतिहासिक व्यक्ति या घटना के अध्ययन के लिये वैयक्तिक अध्ययन पद्धति को अपतने हैं।

226

अतः सही तकनीक के द्वारा हम पर्याप्त और सटीक आंकड़े प्राप्त करते हैं अर्थात पद्धतियों की सफलता तकनीक के चुनाव पर निर्भर करती है।

पुराने समय से ही प्राकृतिक विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान में यह विवाद का विषय रहा है कि सामाजिक विज्ञान को विज्ञान मानना कहां तक उचित है? कार्ल पियर्सन भी कहते हैं कि विज्ञान एक निश्चित कार्य पद्धति के कारण विज्ञान है अर्थात् जो भी सामाजिक विषय एक निश्चित पद्धति को लेकर आगे बढ़ेगा वह सामाजिक विज्ञान कहलायेगा। यद्यपि सामाजिक विज्ञान के अध्ययन क्षेत्र में सामाजिक सम्बन्ध आते हैं जिनका व्यवहार परिवर्तित होता रहता है अतः ऐसी स्थिति में हमें सामाजिक विज्ञानों के लिये कुछ निश्चित विधियों की आवश्यकता पड़ती है जैसे समाजमिति तथा बोगार्डस के सामाजिक दूरी के पैमाने।

अब हम इस शोधपत्र में शोध प्रारूप के बारे में जानेंगे। किसी भी अनुसंधान को शुरु करने से पहले जो खाका तैयार करते है उसे ही हम अनुसंधान प्रारूप कहते हैं। शोध प्रारूप में शोध की समस्या उपकरण, पद्धति, तथ्य संग्रहण की तकनीक, निदर्शन आदि सभी निश्चित कर लिया जाता है और उस रोड मैप पर चलकर हम आसानी से शोध पूर्ण कर लेते हैं।

इस शोधपत्र में हम अपने को सामाजिक शोध प्रारूप तक ही सीमित रखेंगे। शोध प्रारूप दो तरह के होते हैं– (क) आदर्श शोध प्रारूप (ख) व्यवहारिक शोध प्रारूप आदर्श शोध प्रारूप में हम पहले ही प्रारूप का निर्माण करते हैं और व्यवहारिक शोध प्रारूप भी कई प्रकार के होते हैं–

## प्रयोगात्मक शोध प्रारूप

जब विषय पर वाह्य चर द्वारा प्रभाव का अध्ययन करना रहता है तो हम प्रयोगात्मक शोध प्रारूप का सहारा लेते हैं। इस शोध प्रारूप द्वारा उपकल्पना की जांच होती है एवं चारों के बीच कार्य–करण सम्बन्धों का भी पता लग जाता है। इस शोध प्रारूप में दो चरों (जिसमें एक नियंत्रित चर होता है और दूसरा परिवर्तित) के बीच सम्बन्धों को देखा जाता है।

शोध प्रारूप का दूसरा प्रकार अन्वेषणात्मक शोध प्रारूप है जब हम कोई ऐसा विषय चुनते हैं जिसके बारे में हमको ज्यादा नहीं पता रहता तो ऐसी स्थिति में अन्वेषणात्मक शोध प्रारूप का सहारा लिया जाता है। इस प्रारूप में अनुसंधानकर्ता घटनाओं से सम्बन्धित मुख्य तथ्य, व्यक्तियों, साहित्य, परिस्थिति आदि का गहन विश्लेषण करके अनुसंधान प्रारूप का निर्माण करता है। इसमें उपकल्पना का निर्माण बाद में किया जाता है।

शोध प्रारूप का तीसरा प्रकार वर्णनात्मक शोध प्रारूप है। इस शोध प्रारूप में शोध के चरणों का सही क्रम सम्भव हो पाता है। समस्या का चुनाव, अध्ययन का उद्देश्य, उपकल्पना का निर्माण, निदर्शन का चुनाव, तथ्य संकलन प्रविधि, वर्गीकरण एवं विश्लेषण तद्पश्चात निष्कर्ष आदि इस प्रारूप के विभिन्न चरणों में आता है।

शोध प्रारूप में ही घटनाओं के अध्ययन के लिये कुछ पद्धतियों का भी प्रयोग करते हैं। जिनको गुणात्मक एवं परिणात्मक पद्धतियों में बांटते हैं।

## विश्लेषण एवं निष्कर्ष

इस प्रकार हम देखते हैं कि अनुसंधान प्रारूप किसी भी अनुसंधान की रीढ़ होती है। रीढ़ जितनी मजबूत अनुसंधान उतना ही मौलिक एवं सृजनात्मक होता है। प्रस्तावना में हम लोगों ने देखा कि किस तरह अनुसंधान के विषय के आधार पर प्रारूप बनाना पड़ता है। अगर विषय

एकदम नया है जिसके बारे में जानना है तो अन्वेषणात्मक अनुसंधान प्रारूप का निर्माण करना रहता है जिसमें प्रायप के चरणों में उपकल्पना का स्थान बाद में रहता है। उसी तरह यदि विषय की वर्णनात्मक व्याख्या करनी है तो अनुसंधान प्रारूप वर्णनात्मक प्रकृति का होगा। जिसमें अनुसंधान के चरणों का प्रारम्भिक स्तर से अन्तिम स्तर तक की रूपरेखा बनानी पड़ती है। इसी तरह प्रयोगात्मक अनुसंधान प्रारूप कार्य–करण सम्बन्धों तथा उपकल्पना की वैधता का परीक्षण करता है। किन्हीं परिस्थितियों का अलग–अलग चरों तथा विभिन्न समय पर किसका कितना प्रभाव पड़ा इसका अध्ययन हम प्रयोगात्मक अनुसंधान प्रारूप में करते हैं।

इसी तरह इन अनुसंधान प्रारूपों में हम जिन पद्धतियों का सहारा लेते हैं इसका विश्लेषण भी हम करेंगे।

आगमन एवं निगमन पद्धति के द्वारा हम अनुसंधान कार्य बड़े सरल ढंग से कर लेते हैं। निगमनात्मक विधि में किसी सामान्य सिद्धांत के आधार पर कोई विशेष सिद्धांत का निर्माण किया जाता है और आगमनात्मक विधि में कई उदाहरण देकर एक सामान्य नियम निकाला जाता हैं। अनुसंधान कार्य में यह दोनों ही पद्धतियों अत्यन्त उपयोगी है। समाजमिति तकनीक में सामाजिक सम्बन्धों का अध्ययन किया जाता है। इसके द्वारा उपेक्षित वर्ग की समस्याओं का पता लगाया जाता है।

गुणात्मक पक्ष को मापने के लिए ही बोगार्डस ने सामाजिक दूरी का पैमाना दिया। इसमें गुणात्मक पक्षों को निश्चित क्रम देकर और संकेतको के आधार पर वर्गीकरण करके अध्ययन को आसान बनाया जाता है।

इस तरह गुणात्मक पद्धतियां अनुसंधान प्रक्रिया को आसान बनाने में कई तरह से सहायता करती है। परिणात्मक पद्धति में सर्वेक्षण पद्धति व अनुसंधान व सांख्यिकी पद्धति का सहारा लिया जाता है। सर्वेक्षण पद्धति

जहां छोटे क्षेत्र एवं अल्पकालीन परिवर्तनों को त्वरित अध्ययन करता है वहीं अनुसंधान में गहन व दीर्घकालीन अध्ययन होता है। तुलनात्मक पद्धति द्वारा भी चरों का पारस्परिक प्रभाव तथा कार्यकरण सम्बन्धों का पता लगाया जाता है। तुलनात्मक पद्धति में दो तरह से अध्ययन किया जाता है एक अध्ययन जहां विशेष समयान्तरण पर होता है कि इस अंतराल में क्या अंतर आया ओर दूसरा एक ही क्षेत्र में विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों के संयुक्त शोध में अलग–अलग परिपेक्ष्य को सामने रखकर किया जाता है।

वास्तव में पद्धति कोई भी हो निष्कर्ष सत्य ज्ञात करना होता है। वास्तव में सामाजिक विज्ञानों में यह 'पद्धति' ही है जो समाज विज्ञान को प्राकृतिक विज्ञान की श्रेणी में लाती है और इस पद्धति का प्रयोग कैसे और किस समय करना है इसका पता हमें प्रारूप से ही चलता है अतः अनुसंधान प्रारूप वह रूपरेखा है जो किसी अनुसंधान को ठीक ढंग से करवाकर विचलन की स्थिति आने से रोकते हैं।

### संदर्भ ग्रंथ सूची

1. *अरूण कुमार : समाजशास्त्र तथा शिक्षा में शोध विधियां, दिल्ली (2007)*
2. *राय, नरेन्द्र : अनुसंधान परिचय, लायल बुक डिपो, नई दिल्ली (2004)*
3. *कौल, लोकेश : शैक्षिक अनुसंधान की कार्य प्रणाली, विकास पब्लिशिंग हाउस (2006)*
4. *गुप्ता, एस0पी0 : आधुनिक मापन और मूल्यांकन (2010)*
5. *पाण्डेय, एस0एस0 : अनुसंधान पद्धतियां एवं विश्लेषण (2007)*

# शोधपत्र लेखन की सावधानियाँ

**नीरज शर्मा,**
शिक्षक प्रभारी
हिन्दी विभाग
वर्द्धमान विश्वविद्यालय
पश्चिम बंगाल., भारत

### सारांश

अंग्रेजी भाषा का डिस्कवरी ऑफ फैक्ट्स हिंदी भाषा में शोध कहलाता है इसके कई और अन्य नाम हैं जिनमें गवेषणा अनुसंधान या अनुशीलन आदि प्रमुख है। शोध साहित्य की व्याख्या या पुनः मूल्यांकन है। दरअसल नवीनीकरण का ज्ञान सार्थक जीवन की समझ एवम समय–समय पर उस समझ का पूनर्मूल्यांकन है, और ज्ञान की सीमा का विस्तार शोध कहलाता है। एक शोधपत्र लेखक  जब अपना कार्य करता है तब वह शोधपत्र  के लाभ को जन जन तक या तत्सम्बन्धी परिक्षेत्र के लोगों को उससे परिचित कराना चाहता है और शोधपत्र से प्राप्त दिशा पर विद्वत जनों की प्रतिक्रिया जानना चाहता है । कई शोध पत्र, शोध पत्रिकाओं का हिस्सा बन जाते हैं एवम ज्ञान पिपासुओं की ज्ञान क्षुधा की तृप्तीकरण का कार्य करते हैं तथा जन जन तक इसका लाभ पहुँचना सुगम हो जाता है सेमीनार में भी ऐसे ही शोधपत्र स्वीकार किए जातें हैं।

### शोधपत्र से आशय

शोधपत्र, शोध रिपोर्ट या शोध कार्य का व्यावहारिक प्रस्तुति योग्य सार आलेख है जो परिणाम को अन्तिम रूप में समेट भविष्य की दिशा निर्धारण में सहयोगान्मुख है "किसी विषय पर जब हम शोध–कार्य आरंभ करते हैं, तो हमारा प्रयोजन उस विषय के मौलिक ज्ञान में वृद्धि करना है तदर्थ प्राक्कलपना का सहयोग लेना ज्ञान में मौलिक वृद्धि के लिए आवश्यक है, जो विषय हमारे सामने है, उस विषय पर चिंतन करना पड़ेगा"[1]।

उपर्युक्त विवेचन को ध्यान रख कहा जा सकता है कि शोध प्रपत्र सम्पूर्ण शोध के परिणाम व सुझाव से युक्त वह प्रपत्र है जो स्व विचार के स्थान पर तथ्य निर्धारण हेतु तत्पर शोध आधारित दृष्टिकोण से वास्ता रखता है।

शोध प्रपत्र के निम्नलिखित प्रकार माने गए हैं, यह विभाजन काल व शोध के प्रकार के आधार पर स्वीकार किया गया है–

1. तार्किक शोध पत्र,
2. कारण प्रभाव शोध पत्र,
3. विश्लेणात्मक शोध पत्र,
4. परिभाषिक शोध पत्र,
5. तुलनात्मक शोध पत्र,
6. व्याख्यात्मक शोध पत्र।

## शोध प्रपत्र का प्रारूप

शोधपत्र लेखन का कोई निर्धारित प्रारूप सभी प्रकार के शोधों हेतु निर्धारित नहीं है शोध कर्त्ता का सम्यक दृष्टिकोण ही शोध प्रपत्र का आधार बनता है। दिशा, प्रवाह, अनुभव, अवलोकन सभी से शोध पत्र को प्रभावी बनाने में मदद मिलती है सामान्यतः शोध प्रपत्र प्रारूप में अधोलिखित बिन्दुओं को आधार बनाया सकता है–

1. भूमिका

2. विषय वस्तु

3. महत्वपूर्ण अंश

4. परिणाम एवं सुझाव

संक्षेप में भूमिका लिखने के बाद विषय वस्तु से परिचय कराना चाहिए यहीं शोध शीर्षक के बारे में लिखकर मुख्य अंश के रूप में शोध प्रक्रिया, उपकरण व प्रदत्त संग्रहण, विश्लेषण आदि के बारे में संक्षेप में लिखते हुए प्राप्त परिणामों को सम्यक ढंग से प्रस्तुत करना चाहिए व इसी आधार पर सुझाव देने चाहिए अपने दृष्टिकोण को थोपने से बचना चाहिए।

## अच्छे शोध प्रपत्र की विशेषताएं एवं लाभ

शोधपत्र सम्यक होना चाहिए इसके लिए जागरूकता के साथ निम्नलिखित विशेषताओं का होना आवश्यक है तभी समुचित लाभ प्राप्त होगा—

1. नवीन ज्ञान से संयुक्त।

2. सम्बन्धित दृष्टिकोण का सम्यक विकास।

3. पुनः आवृत्ति से बचाव।

4. परिश्रम को उचित दिशा।

5. विभिन्न परिक्षेत्र के शोधों से परिचय।

6. समीक्षा में सहायक।

7. विशेषज्ञों के सुझाव की स्वीकृति।

8. शक्ति व धन की मितव्ययता।

9. अनुभव में वृद्धि।

10. प्रसिद्धि में सहायक।

सम्पूर्ण शोध पत्र लेखन के उपरान्त सन्दर्भ ग्रन्थ सूची भी दे दी जाए तो कृतज्ञता ज्ञापन के साथ दूसरे शोधकर्त्ताओं की मदद हो सकेगी।

एक शोध–पत्र का इस्तेमाल वैज्ञानिक, तकनीकी और सामाजिक मुद्दों की ख़ोज–बीन और पहचान में किया जा सकता है। यदि शोध–पत्र लेखन का आपका यह पहला अवसर है, तो बेशक कुछ डरावना भी लग सकता है, पर मस्तिष्क को अच्छी तरह से संयोजित और एकाग्र करें, तो आप खुद के लिए इस प्रक्रिया को आसान बना सकते हैं। शोध–पत्र तो स्वयं नहीं लिख जाएगा, पर आप इस प्रकार से योजना बना सकते हैं, और ऐसी तैयारी कर सकते हैं कि लेखन व्यावहारिक रूप में खुद–ब–खुद जेहन में उतरता चला जाए।

शोधार्थी के समक्ष सबसे महत्वपूर्ण कार्य शोध विषय का चयन होता है। शोधकर्ता को इस विषय पर पहले हो चुके शोधों का ज्ञान हो। शोध पत्र में एक परिचय होता है। विषयों की पसंद पर टिप्पणी करनी चाहिए, इन खोजों की प्रासंगिकता पर जोर देना चाहिए, उनके आवेदन के संभावित तरीकों की रूपरेखा तैयार करना चाहिए। मुख्य भाग में, जिसमें कई घटक शामिल हो सकते हैं, शोध के मध्यवर्ती परिणाम आवश्यक रूप से प्रस्तुत किए जाते हैं, आपके द्वारा किए गए प्रयोगों या टिप्पणियों का वर्णन किया जाता है, और प्रारंभिक निष्कर्ष किए जाते हैं। इसमें, आपको उन तरीकों को प्रतिबिंबित करना चाहिए जो आपने परिणाम उत्पन्न करने के लिए उपयोग किए थे। ध्यान रखें कि किसी भी शोध कार्य के लिए एक पूर्वापेक्षा, भागों की तार्किक, सुसंगत व्यवस्था और साथ ही साथ आपकी स्वयं की खोजें और साक्ष्य के साथ गहरे निष्कर्ष हैं।

शोध एक अलग तरह का काम है। इसके लिए शारीरिक, आर्थिक या राजनीतिक क्षमता से काम नहीं चलेगा। शोध के लिए पहली शर्त व्यक्ति की शोध में रुचि होना। शोध में रुचि लेने वाले ही शोध के क्षेत्र में आएँ, इसके लिए सबसे पहले शोध को डिग्री से अलग करना होगा। एम.फिल. और पीएच.डी. की डिग्रियों से नाभि–नालबद्ध होने के कारण भारत में

शोधमात्र का बहुत नुकसान हुआ है। आजकल बाजार में अकादमिक नकल पकड़ने वाले सॉफ्टवेयर उपलब्ध हैं। इन सॉफ्टवेयरों की मदद से जब देश के अच्छे विश्वविद्यालयों की थीसिसों की जाँच की जा रही है तो अधिकांश शोधार्थी नकलची साबित हो रहे हैं। विदित है कि हमारा यह संसार प्राकृतिक एवं चमत्कारिक अवदानों से परिपूर्ण है। अनन्त काल से यहाँ तथ्यों का रहस्योद्घाटन और व्यवस्थित अभिज्ञान का अनुशीलन होता रहा है। कई तथ्यों का उद्घाटन तो दीर्घ अन्तराल के निरन्तर शोध से ही सम्भव हो सका है। जाहिर है कि इन तथ्यों की खोज और उसकी पुष्टि के लिए शोध की अनिवार्यता बनी रही है।

शोध कार्य के पश्चात उसे अच्छे से लिपिबद्ध करना और उसे प्रकाशित कराना सबसे बड़ी चुनौती होती है। एक अच्छा एवं प्रभावी शोध पत्र हम तभी लिख सकते हैं जब हम उस पर संपूर्ण एवं गहन अध्ययन कर चुके हो। पाठक को सारी चीज़े साफ साफ आसानी से समझ में आ जाये, जैसे कि लिखित शोध में नया क्या है, क्या इस शोध की पुनरावृति आसानी से हो सकती है और इस विषय पर हो रहे शोध कार्यों को ठीक से लिंक / डिसकस किया गया है, रिजल्ट्स अच्छे से विश्लेषित किये गये है या नहीं।

इंट्रोडक्शन लिखते समय इसको भी एक कहानी की ही तरह लिखे जैसे की आप ने आमुक विषय शोध के लिए क्यों चुना, वह विश्व व राष्ट्र स्तर पर क्या महत्त्व रखता है यह कार्य किस शोध कमी को पूरा करने वाला या क्या योगदान देने वाला है। "शोध छात्र के सामने प्राथमिक प्रश्न विषय का चयन होता है । सच तो यह है कि कोई भी विषय अपने आप में न अच्छा होता है और न ही बुरा ; यह तो अध्ययन करने वाले पर निर्भर है कि वह अपने विषय के प्रति कितना प्रामाणिक रहता है और चयन किए हुए विषय पर कितनी लगन से काम करता है"[2]। अपने कार्य की

235

महत्ता को बारीकी से साफ साफ शब्दों में लिखे। ज्यादा से ज्यादा आप के शोध से संबंधित हो चुके कार्यों को उदाहरण के तौर पर ले और बताये की इन शोध पत्रों में अमुक चीज नहीं हो पायी और आप का शोध इसी लिए मत्वपूर्ण है। अच्छे स्रोत खोजें जो आपके विषय को संबोधित करते हैं। ये लेख या किताबें हो सकती हैं। सबसे प्रासंगिक और उपयोगी जानकारी खोजने के लिए उनको पढ़ें या स्किम करें। अधिक नोट कार्ड बनाओ। आपके द्वारा रिकॉर्ड की जाने वाली सभी जानकारी के लिए अपना स्रोत नाम और पृष्ठ संख्या इंगित करने के लिए सावधान रहें। राजमल बोरा विषय चयन को महत्व देते हुए कहते है कि "प्रबंध का नामकरण या विषय का चयन कह लीजिए – सोच समझ कर किया जाना चाहिए ...नामकरण के समय में विषय की व्याप्ति पर विचार कर लेना लाभप्रद होता है"[3]।

इसी तरह डिस्कशन में अपने शोध को अन्य शोधों के साथ विवरणात्मक रूप से लिखे, हर ऑब्जेक्टिव/पैरामीटर्स को व्यक्तिगत रूप से डिसकस करे। बैजनाथ सिंघल लिखते है कि–"वैज्ञानिक कार्यविधि तो शोध के ढाँचे व प्रक्रिया की सूचक है और शोध की आत्मा तथ्यों में बसती है"[4]। विषय का वर्गीकरण विषय को और भी व्यापकता देने के साथ ही साथ स्पष्ट करता है "वर्गीकरण से हम एक से अनेक की ओर बढ़ते हैं और अनेक में एक को देखते हैं ... वर्गीकरण में हमारा प्रयोजन यह रहता है कि एक से अनेक का जो विस्तार होता है उस विस्तार में प्रत्येक तथ्य का स्वतंत्र मूल्यांकन हो"[5]। एब्सट्रैक्ट में शोध कार्य की महत्वता बताते हुऐ मुख्य एवं नवीन रिजल्ट्स को प्रभावी तरह से लिखे, या कहे की कम शब्दों में पूरे शोध का निचोड़ पिरो दे, साथ ही भविष्य में यह कार्य क्यों और कैसे मदद करेगा और क्या शोध किये जाये, आखिर में जरूर लिखे। एब्सट्रैक्ट में लिखे शब्दों को कनक्लूजन में न दोहराये यहाँ सिर्फ सारांश दे और भविष्य के परिप्रेक्ष्य में बात करे।

शोध पत्र को लिपि बंद करते समय यह ध्यान रखना चाहिए कि शोध पत्र की भाषा सहज एवं सरस हो। शोध के लिए व्यक्ति में शोध विषय के प्रति रुचि होना आवश्यक माना गया जिस व्यक्ति को शोध में रुचि हो वही इस क्षेत्र में आए खाली डिग्री प्राप्त करने के लिए इस क्षेत्र में आने से शोध का बड़ा नुकसान हुआ है। शोध पत्र प्रकाशन से पूर्व गंभीरता के साथ शोध पत्र को कई बार पढ़ें। जिस पत्रिका में शोध पत्र प्रकाशन हेतु भेज रहे हैं उस पत्रिका के नियम एवं शर्तों का अच्छी तरीके से वाचन करें तत्पश्चात शोध पत्र को प्रकाशन हेतु भेजें।

## शोधपत्र की एक अनुमानित रूपरेखा देखें

## शीर्षक

1. सही शीर्षक का चुनाव
2. शीर्षक से शोध का उद्देश्य अच्छी तरह से स्पष्ट हो।
3. शीर्षक मध्यम हो।
4. शीर्षक में शोध में उपयोग किए गए शब्दों का उपयोग हो ।
5. शीर्षक भ्रमकारी न हो।
6. शीर्षक को रोचक एवं आकर्षक हो ।
7. शीर्षक के चुनाव में शोध प्रश्न का ध्यान आवश्यक है।

## भूमिका / प्रस्तावना

1. शोध प्रश्न को यहाँ स्पष्ट करें।
2. भूमिका मध्यम हो ।
3. भूमिका में शोध विषय का संक्षिप्त परिचय दें ।
4. भूमिका रोचक हो।
5. भूमिका में उस विषय पर पूर्व के कार्य का वर्णन हो ।
6. विषय से जुड़ी हुई अन्य बातें जैसे देश / प्रदेश / भाषा / जीवन की जानकारी दें ।

7. भूमिका, ऐसी हो जिससे पाठक विषय के बारे में जानकारी प्राप्त कर सके ।

8. प्राकल्पना को यहाँ लिखा जाए।

9. अगले पृष्ठों का संक्षिप्त परिचय दें।

## मुख्य भाग

1. मुख्य भाग में विषय–वस्तु की व्याख्या करें ।

2. यह भाग छोटे–छोटे भागों (उपशीर्षकों के साथ) में बंटा होता है।

3. उपशीर्षक चयन शोध की विषय–वस्तु को ध्यान में रख कर हो ।

4. मुख्य भाग में तालिकाओं, चित्रों, आरेखों आदि दें ।

5. मुख्य भाग में विश्लेषण करें ।

निष्कर्ष ⁄ उपसंहार

1. यहाँ शोध का सार लिखा जाता है।

2. यहाँ आपके शोध प्रश्न का उत्तर होता है।

3. निष्कर्ष मुख्य भाग के विश्लेषण अथवा व्याख्या पर ही आधारित हों ।

4. निष्कर्ष संक्षिप्त हो।

## संदर्भ ग्रंथ सूची

1. संदर्भ सूची में उन पुस्तकों, पत्रिकाओं, समाचार पत्रों, अप्रकाशित पांडुलिपियों, शोध लेखों का विवरण दिया जाता है जिनका आपने शोध में उपयोग हुआ हो ।

2. संदर्भ सूची में पुस्तक अथवा शोध लेख के नाम के साथ लेखक, वर्ष, प्रकाशक, स्थान तथा पृष्ठ संख्या का उल्लेख होना चाहिए।

3. संदर्भ सूची में इंटरनेट की वेबसाईट का भी उल्लेख किया जा सकता है।

## संदर्भ ग्रंथ सूची

1.  *राजमल बोरा : अनुसंधान ; प्रविधि और क्षेत्र , राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण–1955 पृष्ठ–13*

2.  *राजमल बोरा : अनुसंधान ; प्रविधि और क्षेत्र , राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण–1955, पृष्ठ–21*

3.  *राजमल बोरा : अनुसंधान ; प्रविधि और क्षेत्र , राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण–1955, पृष्ठ–32*

4.  *बैजनाथ सिंघल– शोध स्वरूप एवं मानक कार्यविधि, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण–2008, पृष्ठ–50*

5.  *राजमल बोरा : अनुसंधान ; प्रविधि और क्षेत्र, राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्कारण–1995, पृष्ठ–70*

ISBN: 978-81-941349-1-6



## Book Publication

**SRF** has ISBN (International Standard Book Number) to publish Books also. Interested writers/authors can contact us to publish their educational material in Book Form with ISBN. **SRF** is also working to publish reference Books on approx 100 different topics and our target is to publish 50 Reference Books per year with different titles.

Following books has been published through **SRF** till date :

**Contact for Book Publication with ISBN....**

Edited/ Reference Book

Convert your THESIS into Book

Publish your own Book